उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ शनिवार 16 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर आएंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय उपराष्ट्रपति 16 नवम्बर को सुबह 11.10 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से कोटड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से कोटड़ा के वनवासी कल्याण आश्रम पहुंच कर वहां भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ यहां से 1:50 बजे पुनः कोटड़ा हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 2:30 बजे उदयपुर एयरपोर्ट आएंगे। वे उदयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। अपराह्न 3 बजे एमएलएसयू के विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहां से शाम 4:25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 4:30 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

मुख्यमंत्री आज उदयपुर होकर बांसवाड़ा जाएंगे

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार 15 नवंबर को सुबह 10:10 बजे विशेष विमान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से 10:20 बजे हेलीकॉप्टर से बांसवाड़ा के गोविंद गुरु महाविद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित नवादी युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम में शरीक होंगे। मुख्यमंत्री श्री शर्मा इसी दिन पुनः दोपहर 2.20 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 2:30 बजे विशेष विमान से महाराष्ट्र के पुणे एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

खुल्लम-खुल्ला

लाख कोशिशों के बावजूद कोई, कुछ नहीं कर पा रहे।
जंगल-पहाड़ नहीं कटने चाहिये, लेकिन कटते जा रहे।।
केवल बयानबाजी और आरोपों के ही, गीत हम गा रहे।
आज वहां- कल वहां पहाड़ कट रहे,रोज समाचार आ रहे।।
हम रोजाना चीखते- चिल्लाते, पहाड़ नहीं कटने चाहिये।
लेकिन जो कटा या कट रहा है, रूका क्या बताईये।।
झील पेटे में ये नहीं होगा वो नहीं होगा, कह दिया और बस।
लेकिन सालों से सब हो रहा है, परिस्थितियां जस की तस।।

दिनांक: 15 नवम्बर 2024 -भूपेन्द्र कुमार चौबीसा, उदयपुर

आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में संचार सेतु प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं युएनएफपीए के संयुक्त तत्वावधान में माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में ऑनलाइन माध्यम से जनजाति आवासीय विद्यालयों के छात्रों से जीवन कौशल शिक्षा पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से संचार सेतु डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम का शुभारंभ किया गया। यह किशोरों को स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने में सहायक होगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता टीएडी आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरामानी ने की। मुख्य अतिथि यूएनएफपीए इंडिया की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव सुश्री लोर्ना रोल्स रही। यूएनएफपीए राजस्थान के राज्य प्रमुख डॉ. दीपेश गुप्ता, जनजाति विभाग से जितेंद्र जैन, अनुराग भटनागर एवं गिरिराज कथीरिया भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान आयुक्त सुश्री केवलरामानी ने किशोरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपकरणों से लैस करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संचार सेतु जैसे प्लेटफॉर्म सीधे जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुश्री रोल्स ने यूएनएफपीए की इस प्रकार की पहलों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए युवा पीढ़ी के समग्र विकास में स्वास्थ्य और कल्याण की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचार सेतु किशोरों को पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल जैसे विषयों पर विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं में जागरूकता और स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहन मिलेगा।

उदयपुर। पिछोला के गणगौर घाट पर घूमने आए विदेशी पर्यटक दम्पत्ति भी गणगौर घाट की सुन्दरता से इतने प्रभावित हुए कि वहां घूमने आई एक महिला पर्यटक से फोटो खिंचवाया और खुश हो गई- फोटो- राजेन्द्र हिलोरिया

पढ़ाई के लिए किराये पर रह रहे छात्रों को सरकार देगी हर महीने 2000 रूपये

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। पढ़ाई के लिये जो छात्र घर से दूर किराये के मकान में रह कर जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में अध्ययन करते हैं, उनके लिये सरकार द्वारा अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत् छात्रों को प्रतिमाह 2000 रुपये भत्ता दिया जाएगा। योजनान्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 30 नवम्बर 2024 तय की गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि यह आवेदन सत्र 2024-25 के लिए किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को दस माह के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और अल्पसंख्यक वर्ग के जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में अध्ययनरत छात्र ही पात्र होंगे। योजना के लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है।

छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख (एससी, एसटी व एसबीसी के लिए), 1.50 लाख (ओबीसी के लिए) एवं 1.00 लाख (ईडब्ल्यूएस के लिए) रुपये से अधिक नहीं हो चाहिए। साथ ही विद्यार्थी जहाँ पढ़ रहा है और उसके माता-पिता का मकान उसी जिला मुख्यालय पर होने पर वह इसका पात्र नहीं होगा। आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई-मित्र या एसएसओ आईडी के द्वारा किया जा सकता है।

यूएनएफपीए की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव व राजस्थान राज्य प्रमुख का दौरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई का किया निरीक्षण

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (युएनएफपीए) की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव लोर्ना रोल्स और यूएनएफपीए राजस्थान के राज्य प्रमुख डॉ. दीपेश गुप्ता गुरूवार को उदयपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नाई का निरीक्षण कर संस्थान पर प्रदान की जा रही सेवाओं विशेषकर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी-प्रभारी ने भी संस्थान स्तर पर प्रदान की जा रही यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने इस प्रकार की पहल को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार बल्कि परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक बताया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ रागिनी अग्रवाल ने जिले की प्रोफाइल और जिले में प्रदान की जा रही परिवार नियोजन सेवाओं के बारे में जानकारी दी। डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव लोर्ना रोल्स ने इसकी सराहना की एवं हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. दीपेश गुप्ता ने परिवार नियोजन के विकल्पों में हाल ही में शामिल नए विधि - इम्प्लांट्स के बारे में बताया और इम्प्लांट्स के लिए आउटबाउंड रेफरल बढ़ाने पर जोर दिया। लोर्ना रोल्स ने किशोरों और महिलाओं से संवाद कर परिवार नियोजन और किशोर संबंधित मुद्दों पर उनकी राय ली। इस यात्रा में यूएनएफपीए से कुमार मनीष और मोहम्मद हुसैन बोहरा भी शामिल थे।

दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर 19 से

मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए भी होगा चिन्हीकरण

उदयपुर, 14 नवम्बर। मुख्यमंत्री बजट घोषणा की अनुपालना में दिव्यांगजन को अंग उपकरण-ट्राईसाईकिल, वैसाखी, व्हील चेयर, दिव्यांगजन के लिये छड़ी, स्मार्ट फोन के लिये दिव्यांगजन चिन्हिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इन शिविरों में मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल के लिये भी चिन्हिकरण किया जायेगा।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। इसमें 19 नवम्बर को पंचायत समिति गोगुन्दा में, 20 नवम्बर को पंचायत समिति भीण्डर में तथा 21 नवम्बर को श्रमजीवी कॉलेज, शक्ति नगर कॉर्नर, टाउनहॉल रोड, उदयपुर में शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों में दिव्यांगजन अपने आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, युडीआईडी कार्ड, पेंशन पीपीओ की कॉपी, 4 फोटो के साथ उपस्थित होकर चिन्हिकरण करा सकते हैं। इन शिविरों में चिन्हित विषेष योग्यजनों को अतिशीघ्र उनकी आवश्यकता के अनुरूप अंग उपकरण की सहायता से लाभान्वित कराया जाएगा।

भाजपा संगठनात्मक चुनाव को लेकर धरियावद नगर मंडल एवं भाजपा ग्रामीण मंडल में हुई कार्यशाला।

धरियावद 14 नवंबर (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव को लेकर क्षेत्र के धरियावद नगर मंडल एवं भाजपा ग्रामीण मंडल में अलग-अलग कार्यशाला का आयोजन हुआ। धरियावद नगर मंडल की कार्यशाला नगर के पुराना छात्रावास पर संगठन प्रभारी हार्दिक छोरियां के आथित्य में संपन्न हुई। कार्यशाला में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के लिए संगठन ने सर्वप्रथम बूथ अध्यक्ष बूथ समिति पन्ना प्रमुख बनाने के लिए बूथ प्रभारी नियुक्त किये है। नियुक्त प्रभारी बूथ पर बैठक कर बूथ समिति बनाएंगे फिर बूथ अध्यक्ष बनेंगे। नगर मंडल बाबूलाल के अनुसार कार्यशाला के दौरान धरियावद नगर मंडल के दो शक्ति केंद्र प्रभारी बनाए जिसमें धरियावद निवासी बंटी शर्मा व रमेश कोठारी को नियुक्त किया। कार्यशाला में लैंपस उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, राजमल पालीवाल, प्रकाश दोषी, रजत पारीक, बंटी, अमित, शम्भूलाल मीणा आदि उपस्थिति रहे। इधर भाजपा ग्रामीण मंडल की कार्यशाला झडोली पंचायत के बाबा रामदेव रसोड़ा में संपन्न हुई।

ग्रामीण मंडल के चंद्र पाल सिंह राणावत पारेल की अध्यक्षता एवं संगठन जिला सहयोगी खेत सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने बूथ समिति बूथ चुनाव संगठन पर्व, अपना बूथ मजबूत-बूथ कैसे बने एवं बूथ समिति और बूथ अध्यक्ष की संरचना कैसे हो इसके बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुरेश जोशी, मंडल उपाध्यक्ष शंकर लाल मीणा, मंडल महामंत्री सूरजमल मीणा वेणीराम, जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकर, बुथ अध्यक्ष उदय लाल ,आशु राम, केशु लाल, शक्ति केंद्र संयोजक भगवान लाल, सूरजमल मीणा आदि मोजूद थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को नगर में निकलेगी चुनरी यात्रा

5100 दीपक से होगा नदी घाट पर गंगा आरती, आयोजकों ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

धरियावद 14 नवंबर (निसं)। कार्तिक पूर्णिमा पर उत्तम सेवा फाउंडेशन,उत्तम नारी शक्ति एवं क्षेत्रवासियो के सयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को नगर में सावलिया सेठ की 251 फीट चुनरी यात्रा, धरियावद राजपरिवार की मुख्य गंगा आरती के अलावा 51 जोड़ो के द्वारा 5100 दीपकों से गंगा आरती, दीपदान कथा वाचन, आतिशबाजी सहित विविध आयोजन होंगे। मीडिया प्रभारी राकेश वीरवाल के अनुसार शुक्रवार दोपहर 2:30 खेड़ापति हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो विभिन्न मार्गो से होकर प्रतापगढ़ मार्ग स्थित कर मोही नदी घाट पहुंच संपन्न होगी। जहां नदी घाट पर चुनरी मनोरथ मां गंगा को समर्पित की जायेगी।

आयोजन को लेकर एवं शोभायात्रा के स्वागत के लिए महिलाए द्वारा अपने अपने घरों के बाहर रंगोली बनाकर व तोरण द्वार लगाए जाएंगे। आयोजन के दौरान कथावाचक वृंदावन बरसाना से जयप्रिया दीदी एवं तलवाड़ा गोशाला प्रमुख संत रामस्वरूप महाराज के प्रवचन व मंगल आशीर्वाद मिलेगा। प्रवचन के पश्चात राजपरिवार की मुख्य गंगा आरती राज परिवार के भानु प्रताप सिंह राणावत द्वारा की जायेगी।

राजमहल आरती के पश्चात विद्वान पंडितों द्वारा 51 जोड़ों द्वारा गंगा पूजन किया जाएगा व 5100 दीपकों से कर्ममोचिनी नदी घाट पर भव्य दीप दान किया जाएगा। दीपदान के पश्चात भव्य आतिशबाजी होगी व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में निजी विद्यालय के विद्यार्थी शामिल होंगे।

राजनीतिक पूंजी बचाने और बागियों को सबक देने दिन-रात मेहनत कर रहे हैं शरद पवार

शरद पवार साथ ही उन सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी जा रहे हैं जिन्होंने अजित पवार के नेतृत्व में उनको धोखा दिया। उन विधायकों के क्षेत्रों में जाकर वह उनकी कारगुजारियों से जनता को अवगत करा रहे हैं और उन्हें सबक सिखाने के लिए कह रहे हैं।

राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के लिए इस बार का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पहले के चुनावों की तरह सामान्य नहीं है। यह चुनाव शरद पवार के लिए सिर्फ सरकार बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी नहीं है। शरद पवार के लिए इस बार का चुनाव अपनी जीवन भर की राजनीतिक कमाई को बचाने और धोखा देने वालों को सबक सिखाने का चुनाव भी है। हम आपको याद दिला दें कि भतीजे अजित पवार ने चाचा शरद पवार द्वारा बनाई गयी पार्टी एनसीपी पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल और धनंजय मुंडे जैसे कई नेता हैं जिनको संकट के समय शरद पवार ने राजनीतिक सहारा देकर उबारा था लेकिन वह धोखा देकर अजित पवार के साथ चले गये। इसलिए इस चुनाव में शरद पवार हर वो चाल चल रहे हैं जिससे उनको धोखा देने वालों को सबक सिखाया जा सके। जहां भावनात्मक कार्ड खेलना है वहां शरद पवार इमोशनल हो जा रहे हैं, जहां राजनीतिक चाल चलनी है वहां वह आक्रामक हो जा रहे हैं। उनको इस बार कितनी बड़ी राजनीतिक कामयाबी मिल पाती है यह तो परिणाम ही बताएंगे लेकिन इतना तो दिख ही रहा है कि महाराष्ट्र की राजनीति के वटवृक्ष माने जाने वाले शरद पवार दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

बारामती में लोकसभा चुनावों के दौरान शरद पवार का इमोशनल कार्ड लोकसभा चुनावों में भी चला था जब उनकी बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ उनके भतीजे अजित पवार ने अपनी पत्नी को चुनाव में उतार दिया था। अब अजित पवार के खिलाफ उनके भतीजे रोहित पवार को उतार कर जब शरद पवार प्रचार के लिए उतरे तो उन्होंने फिर से भावनात्मक कार्ड खेला और सक्रिय राजनीति से संन्यास के संकेत दिये। एक तरफ उन्होंने बारामती में इमोशनल कार्ड खेला तो दूसरी ओर राजनीतिक कार्ड खेलते हुए अजित पवार को घड़ी चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने और अपनी फोटो का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत की शरण भी ली।

शरद पवार साथ ही उन सभी विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में भी जा रहे हैं जिन्होंने अजित पवार के नेतृत्व में उनको धोखा दिया। उन विधायकों के क्षेत्रों में जाकर वह उनकी कारगुजारियों से जनता को अवगत करा रहे हैं और उन्हें सबक सिखाने के लिए कह रहे हैं। इस क्रम में शरद पवार ने पूर्व सहयोगी दिलीप वलसे पाटिल के खिलाफ मोर्चा खोला। 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अंबेगांव विधानसभा क्षेत्र में शरद पवार ने कहा कि दिलीप वलसे पाटिल कहते रहे कि साहेब (शरद पवार) मेरे बारे में (कुछ भी नकारात्मक) बात नहीं करेंगे, लेकिन मेरे पास कहने के लिए क्या बचा है? दिलीप वलसे पाटिल ने हमें धोखा दिया, और जिन्होंने हमें धोखा दिया है उन्हें दंडित करने की आवश्यकता है। आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि देवदत्त निकम इस सीट पर भारी अंतर से जीतें।'' शरद पवार ने कहा, ''जिन्हें मैंने पद, शक्ति, अधिकार और प्रतिष्ठा दी है, उनसे मैं कुछ नहीं चाहता। आज कई लोग उनसे परेशान हैं। उनके कैबिनेट में शामिल होने का फैसला लोगों को पसंद नहीं आया। उनका कहना है कि हमारे साथ उनके बहुत अच्छे रिश्ते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।''

इसके अलावा, शरद पवार ने अपने पूर्व विश्वासपात्र छगन भुजबल के येवला निर्वाचन क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए 2019 के चुनावों में गलत उम्मीदवार देने के लिए लोगों से माफी मांगी। शरद पवार ने मतदाताओं से विश्वासघाती को हराने की भावुक अपील की, जो पिछले साल जुलाई में भुजबल के अजित पवार के साथ जाने से उन्हें लगी गहरी चोट को दर्शाता है। शरद पवार ने खुलासा किया कि राकांपा में फूट के बाद भुजबल उनके घर पहुंचे और उनके व अजित पवार के बीच सुलह कराने की पेशकश की, लेकिन वह दोबारा कभी नहीं आए। शरद पवार ने कहा कि भुजबल की कमियों को नजरअंदाज करते हुए उन्हें नेता प्रतिपक्ष से लेकर उपमुख्यमंत्री तक कई अहम पद सौंपे गए, बावजूद इसके उन्होंने राजनीतिक शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दीं और उन्हें धोखा दिया। शरद पवार ने कहा कि भुजबल का उन्हें और दिवंगत बालासाहेब ठाकरे समेत अपने राजनीतिक गुरुओं को धोखा देने का इतिहास रहा है। उन्होंने मतदाताओं से इस दलबदलू नेता को सबक सिखाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''जब उन पर (भुजबल पर) कुछ आरोप लगने के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा, तो मैं उनके साथ खड़ा रहा और यहां तक कि उन्हें महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार में एक पद भी दिया।'' शरद पवार ने कहा कि अपने आकाओं को धोखा देने वाले भुजबल येवला के लोगों से वोट मांगने आएंगे और यह तय करना आपके ऊपर है कि आप ऐसे व्यक्ति का समर्थन करेंगे या नहीं।

इसके अलावा, शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के सहयोगी एवं महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे पर भी निशाना साधा और कहा कि राकांपा में विभाजन के पीछे जो लोग हैं, उन्हें हराया जाना चाहिए। पवार ने बीड जिले के परली में आरोप लगाया कि लोगों को ''धमकाया'' जा रहा है और इसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी दे सकता था, मैंने धनंजय मुंडे को दिया। कुछ लोगों ने हमारी पार्टी को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें हराना होगा। पवार ने कहा, ''एक बार पंडित मुंडे अपने बेटे धनंजय के साथ मेरे पास आए और मदद मांगी। जब वह मुसीबत में थे तो उन्हें मेरी तरफ से मदद मिली। मैंने उन्हें (धनंजय मुंडे) एमएलसी (विधान पार्षद), परिषद में एलओपी (नेता प्रतिपक्ष), राज्य मंत्री बनाया। मैं उन्हें बीड में प्रमुख पद देना चाहता था। लेकिन यहां लोगों को परेशान किया जा रहा है और इसे रोकना होगा। हम आपको बता दें कि शरद पवार ऐसी ही अपीलें उन क्षेत्रों में कर रहे हैं जहां के विधायकों ने पाला बदल कर अजित का दामन थामा था। देखना होगा कि पवार की अपीलें और उनकी राजनीतिक गुगलियां क्या गुल खिलाती हैं। वैसे यह तो दिख ही रहा है कि राज्य में सरकार बदलने के लिए शरद पवार वह सब कुछ कर रहे हैं जो वह कर सकते हैं। यही नहीं, विपक्षी एमवीए के घटक दलों के बीच तमाम मतभेदों को भी वही सुलझा रहे हैं और गठबंधन को एक रखे हुए हैं। हालांकि गठबंधन की असल परीक्षा चुनाव परिणाम के बाद होगी।

-नीरज कुमार दुबे

फ्लिपकार्ट ने अपनी सप्लाई चेन क्षमता को बढ़ाया

उदयपुर, (निसं)। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने इंदौर, मध्य प्रदेश में अत्याधुनिक फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर (एफएससी) खोला है। यह सेंटर 1.59 लाख वर्ग फीट में बना है। इस रणनीतिक निवेश से राज्य में डिलीवरी की गति तेज होगी, स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा रोजगार सृजित होंगे और राज्य के सभी पिन कोड तक डिलीवरी सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेंटर बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय प्रगति को लेकर फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। सेंटर की लॉन्चिंग के मौके पर माननीय सांसद शंकर लालवानी, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। यह सेंटर मध्य प्रदेश में विस्तार करने के फ्लिपकार्ट के प्रयासों की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा कि फ्लिपकार्ट पूरे भारत में समावेशी विकास और डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय समुदायों संग हमारे जुड़ाव के साथ-साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में नए फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग सतत विकास को बढ़ावा देने, एमएसएमई को समर्थन देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। स्थानीय समुदायों को जरूरी टूल्स, बाजार तक पहुंच और मजबूत सप्लाई चेन से लैस करते हुए हम उन्हें सतत आजीविका के सृजन में मदद कर रहे हैं और भारत के व्यापक आर्थिक विकास में सक्रियता से भूमिका निभा रहे हैं।' फ्लिपकार्ट लगातार मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। इसके प्लेटफॉर्म पर मध्य प्रदेश के 42,000 से ज्यादा सेलर्स जुड़े हैं। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के साथ साझेदारी करते हुए फ्लिपकार्ट ने स्थानीय उद्यमों के लिए अपने समर्थन को और भी मजबूती दी है।

जिला कलेक्टर डॉक्टर अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में गरडा में हुई रात्रि चोपाल

धरियावद 14 नवंबर (निसं)। धरियावद पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में जिला कलेक्टर डॉक्टर अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में रात्रि चोपाल आयोजित हुई। चौपाल में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली कटौती ओर उससे हो रही परेशानी की शिकायत को लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे किसानों ग्रामीणों ने बताया कि अभी बुवाई का समय चल रहा ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा बार बार बिजली कटौती से किसानों को भारी दिक्कतें आ रही। जिस पर जिला कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अभियंता को विद्युत व्यवस्था में सुधार के एवं नियमित बिजली के सख्त निर्देश दिए। वही उपजिला प्रमुख सागर मल बोहरा ने भी विद्युत विभाग को नियमित बिना कटौती के ग्रामीणों किसान को बिजली देने के निर्देश दिए ताकि बुवाई के समय किसान काश्तकार परेशान नहीं होवे। चौपाल में इसके अलावा ग्रामीणों ने सीसी सड़क निर्माण, पेयजल, हैंडपंप मरम्मत के दौरान पाइप नहीं मिलने, पेंशन आदि से जुड़ी शिकायत एवं मांग पत्र भी ग्रामीणों ने दिए। जिला कलेक्टर ने चोपाल में मिली शिकायतों मांगों के त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए साथ ही अपने अपने विभाग के कार्य समय पर पूर्ण करने एवं किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के भी निर्देश दिए। चौपाल में उप जिला प्रमुख सागरमल बोहरा उप खंड अधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार दीपिका कटारा, विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी, पंचायत समिति अभियंता पंकज आर्य, ब्लॉक समन्वयक मनोज कुमार भवरा, सरपंच बाबूलाल, ग्राम विकास अधिकारी प्रभुलाल सहित उपखंड के विभागीय अधिकारी कार्मिक मौजूद थे।।मानदेय को लेकर ज्ञापन--उपजिला प्रमुख बोहरा ने बताया कि चौपाल के दौरान कुछ पंचायत शिक्षकों ने वर्ष 2022 के कुछ महीनों का बकाया मानदेय भुगतान को लेकर ज्ञापन दिया जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित ग्राम पंचायत से पंचायत शिक्षकों के तत्काल बकाया मानदेय भुगतान के निर्देश दिए।।

राष्ट्रीय स्तर पर बाल साहित्यकारों से बालगीत विधा में मौलिक, अप्रकाशित एवं अप्रसारित प्रविष्टि 10 जनवरी तक आमंत्रित

उदयपुर, 14 नवंबर (सूजस)। साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत सलिला संस्था सलूम्बर द्वारा हिंदी बाल साहित्य की विभिन्न विधाओं के लेखन को प्रोत्साहन देने और श्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने हेतु विगत सात वर्षों से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस हेतु वर्ष-2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बाल साहित्यकारों से बालगीत विधा में मौलिक, अप्रकाशित एवं अप्रसारित प्रविष्टि 10 जनवरी 2025 तक आमंत्रित की गई है।

सलिला संस्था की अध्यक्ष डॉ. विमला भंडारी ने इसकी नियमावली जारी करते हुए बताया कि इस बार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 वर्ष से 50 वर्ष तक की आयु सीमा रखी गई है। इच्छुक बाल साहित्यकारों को दो बाल गीत ईमेल द्वारा भेजने होंगे।

विषय मुक्त एवं बालमन को आकर्षित करने वाले छंदबद्ध बालगीतों का लेखन करें। बालगीत के मुखड़े के अलावा तीन अंतरे तक का बालगीत स्वीकार्य होगा। कुल 10 विजेता चुने जाएंगे जिन्हें समान राशि का 1000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रविष्टि भेजने के नियम :एक रचनाकार केवल एक ही प्रविष्टि भेज सकता है जिसके अंतर्गत वह दो बालगीत भेज सकते हैं। प्रविष्टि का टेक्स्ट यूनिकोड के 16 फोंट की साइज का हो। ईमेल के साथ वर्ड या डॉक्यूमेंट की फाइल अटैच करनी है। हस्तलिखित या फोटो इमेज रचनाओं पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आलेख के साथ बाल साहित्यकार को अपने अग्रेषण पत्र में बालगीत का शीर्षक और मौलिक, अप्रकाशित होने की घोषणा के साथ अपना फोटो, आयु प्रमाण पत्र, संक्षिप्त परिचय (100 शब्दों में), पता और फोन नंबर का उल्लेख करना होगा। बालगीत पर अपना नाम और पता न लिखें।

परिणाम जब तक घोषित न हो जाए, बालगीत को अन्यत्र प्रकाशन के लिए भेजना प्रतिबंधित रहेगा। बालगीत ईमेल आईडी- balsahityav99ysalumber@gmail.com भिजवाए जा सकते है।

सलिला संस्था की गौरवशाली परंपरा अनुसार विजेता साहित्यकारों को मानधन, प्रमाण-पत्र एवं पुस्तक की प्रति सम्मान सहित प्रदान की जायेगी। चयनित पुरस्कृत बालगीत का कभी भी, किसी भी रूप में उपयोग करने, प्रकाशित या प्रसारित करने का अधिकार सलिला संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

उदयपुर संभाग में खेती के उन्नयन को लेकर कृषि वैज्ञानिकों की बैठक

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। केंद्र सरकार की कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए गठित संसदीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने गुरुवार को उदयपुर के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों व कृषि अधिकारियों की जिला परिषद स्थित कार्यालय में बैठक ली। इस बैठक में उदयपुर संभाग में खेती के उन्नयन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संदर्भ में कृषि जगत के योगदान आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में मुकेश सैनी उपवन संरक्षक, सुधीर वर्मा संयुक्त निदेशक कृषि, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय डॉ अरविंद वर्मा निदेशक अनुसन्धान, डॉ पीसी भटनागर वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके विद्या भवन, डॉ जिज्ञासा त्रिवेदी हॉर्टिकल्चर, डॉ राजेश्वरी राणावत, उप निदेशक, परियोजना (आत्मा), रितिका हाड़ा कृषि अधिकारी, डॉ मणिराम वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके वल्लभनगर, श्यामलाल सालवी सहायक निदेशक कृषि सहित अन्य प्रमुखजन उपस्थित थे।

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का एयापोर्ट पर स्वागत

उदयपुर 14 नवंबर (सूजस)। राजस्थान के विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के उदयपुर आगमन पर महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने मेवाड़ी पगड़ी, तिरंगा ऊपरना ओढ़ाकार उनका स्वागत किया।

इस मौके पर शंकर चंदेल, विकास बंदू, मुकेश चौहान, गोपाल बिश्नोई, ओम प्रकाश चौधरी, अखिलेश बुरठ सहित कई लोग मौजूद थे।

MADHAV MARBLES AND GRANITES LIMITED

CIN:L14101RJ1980PLC004903

Address: First Floor, Mumal Towers, 16, Saheli Marg, Udaipur - 313001, Web: www.madhavmarbles.com, Mail: investor.relations@madhavmarbles.com

Statement of Standalone and Consolidated Un-audited Results for the quarter and period ended September 30, 2024 (Rs. In Lakhs)

Particulars	Standalone						Consolidated					
	Quarter ended			Period ended		Year ended	Quarter ended			Period ended		Year ended
	30/9/2024	30/6/2024	30/9/2023	30/9/2024	30/9/2023	31/3/2024	30/9/2024	30/6/2024	30/9/2023	30/9/2024	3/31/2023	31/3/2024
	Un-audited					Audited	Un-audited					
Total income	735.77	1163.33	1174.48	1899.10	2378.18	4466.79	714.15	1117.79	1155.86	1831.94	2328.40	4358.26
Net Profit for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items	5.03	55.83	(44.30)	60.86	21.52	13.79	(32.91)	7.75	(111.83)	(25.16)	(85.55)	(180.78)
Net Profit for the period before tax after Exceptional and/or Extraordinary items	5.03	55.83	(44.30)	60.86	21.52	13.79	(32.91)	7.75	(111.83)	(25.16)	(85.55)	(180.78)
Net Profit for the period after tax after Exceptional and/or Extraordinary items	4.03	44.74	(32.79)	48.77	17.18	3.73	(33.91)	(3.36)	(100.32)	(37.27)	(89.89)	(190.84)
Share of Profit/Loss of associates and Joint Ventures accounted for using Equity method	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	23.00	0.00	15.02	45.92
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	4.03	44.74	(32.79)	48.77	17.18	3.73	(33.91)	(3.36)	(77.32)	(37.27)	(74.87)	(144.91)
Equity Share Capital	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70	894.70
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	12827.91	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	11601.92
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)												
1. Basic:	0.05	0.50	(0.37)	0.55	0.19	0.04	(0.38)	(0.04)	(0.86)	(0.42)	(0.84)	(1.62)
2. Diluted:	0.05	0.50	(0.37)	0.55	0.19	0.04	(0.38)	(0.04)	(0.86)	(0.42)	(0.84)	(1.62)

EXPLANATORY NOTES

The standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter and period ended September 30, 2024 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of directors at their respective meetings held on November 14, 2024

The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges and on Company's Website.

Place: Udaipur

Date: 14-11-2024

For Madhav Marbles And Granites Ltd

Sd/-

Madhav Doshi, CEO and Managing Director (DIN: 07815416)

लेनोवो ने हाई-परफॉरमेंस टैबलेट और लैपटॉप में पोर्टफोलियो का विस्तार किया



उदयपुर, (निसं)। लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो च11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब च11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहद किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बीनेशन प्रदान करता है।

आशीष सिक्का, डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि यूज़र्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए, च11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को उन बिज़नेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं। शानदार 11 इंच की एलसीडी डिस्प्ले के साथ 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 × 1200 रिज़ॉल्यूशन, शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। डॉल्बी एटमॉस0 से लैस क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड प्रदान करते हैं, जो मल्टीमीडिया और बिज़नेस उपयोग के लिए आइडियल हैं। मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज (1टीबी तक एक्सपेंडेबल) द्वारा संचालित है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वर्षान्त पेशकशों के साथ ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर

उदयपुर, (निसं)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं - ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर। हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है।

ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यैक्तिक करने देकरए स्पेशल लिमिटेड-एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है। यह स्टाइल और बेहतर उपयोगिता के एक शानदार मेल के साथ मिलता है। इससे ग्राहकों के लिए स्पेशल एडिशन पैकेज और एक्सक्लूसिव वर्षान्त पेशकशों में से चुनना संभव होता है।

राजस्थान- सरकार

कार्यालय, अधीक्षण अभियन्ता (यॉ. एवं छि), खान एवं भू विज्ञान विभाग, उदयपुर
रोडवेज वर्कशॉप के सामने, गोवर्धन विलास रोड, सेक्टर-13, उदयपुर (राज.)

Email - se.mdudaipur@rajasthan.gov.in Phone No. 0294-2484551

-अ अ (यॉछि) उदय / प - आ.सो. अनु / 2024-25 / दिनांकः-

खुली निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में संचालित परियोजनाओं पर फ्रआऊटसोर्सिंग के माध्यम से सवा प्रदायगी हेतु दिनांक 22/11/2024 समय प्रातः 11.00 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण उआपन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एव बिबसाईट https://mines.rajasthan.gov.in पर देखा

DIPR/C/11293/2024

NIB No. MIN 2425A0042

UBIN NO. MIN 2425WSOB00060

DIPR/C/11293/2024

-sd-
अधीक्षण अभियन्ता (यॉ एवं छि) उदयपुर
भवदीय
(पी.डी. सोनी), अधीक्षण अभियन्ता (यॉ एवं छि) उदयपुर.

सम्पादकीय

जय राजस्थान

दिनांक 15 नवम्बर 2024 वार-शुक्रवार

बुलडोजर न्याय पर हथौड़ा,सुप्रीम कोर्ट का सख्त फैसला

देश के अलग-अलग हिस्सों में शुरू हुए कथित 'बुलडोजर न्याय' के नए चलन में निहित खतरों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ही इस पर प्रभावी रोक लगा दी। इस संबंध में बुधवार को आया सर्वोच्च अदालत का फैसला निश्चित रूप से सख्त फैसलों की श्रेणी में रखा जाएगा, लेकिन यह सख्ती जरूरी थी।

असमंजस के हालात: मामले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि एक बार शुरू होने के बाद यह चलन तेजी से फैलता जा रहा था। कई राज्यों में इसे अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने का एक कारगर तरीका माना जाने लगा था। हालांकि इसे गलत और मान्य कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ बताने वाले भी कम नहीं थे, लेकिन न केवल आम लोगों के एक हिस्से में इसके प्रति समर्थन देखा जा रहा था बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी इसके बचाव में कई तरह की दलीलें दी जा रही थीं। इन सबसे असमंजस के हालात बने हुए थे।

एक मसला, कई पहलू: इस केस पर विचार करते हुए कोर्ट को कई सवालों से जूझना पड़ा। मसलन- कानून का पहलू तो इससे जुड़ा था ही, संविधान द्वारा नागरिकों को दिए गए उन अधिकारों का भी सवाल था जो उसे राज्य की मनमानी कार्रवाइयों से सुरक्षा देते हैं। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और लोकसेवकों के प्रति आम जनों के विश्वास का प्रश्न भी इससे जुड़ा था।

बारीक पड़ताल: सुप्रीम कोर्ट ने इन तमाम पहलुओं का ध्यान रखते हुए न केवल बुलडोजर के जरिए न्याय करने की इस प्रवृत्ति को खारिज किया बल्कि उन आधारों को भी स्पष्ट किया, जिनसे इस बात की पहचान होती है कि प्रशासन ने कब अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया। फैसले में कहा गया है कि जब किसी खास निर्माण को अचानक निशाना बनाया जाता है और उस तरह के अन्य निर्माणों को छुआ भी नहीं जाता, तब ऐसा लगता है कि कार्रवाई का असल मकसद किसी आरोपी को बिना मुकदमा चलाए सजा देना है।

संतुलन और सख्ती: खास बात यह कि शीर्ष अदालत इस तरह की कार्रवाई को गलत बताकर ही नहीं रुकी, उसने यहां तक कहा कि अगर किसी व्यक्ति का घर इस तरह से तोड़ा जाता है तो उसे फिर से बनाने का खर्च संबंधित ऑफिसरों के वेतन से काटा जाएगा। दूसरी बात यह कि अदालत ने इस फैसले की सीमाएं स्पष्ट करते हुए यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थलों जैसे सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन आदि पर बने अवैध निर्माण इन निर्देशों के दायरे में नहीं आएंगे। कुल मिलाकर, सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती और संतुलन का जो बेहतरीन तालमेल इस फैसले में दिखाया है, वह देश में संवैधानिक मूल्यों को मजबूती देने वाली एक मिसाल के रूप में याद रखा जाएगा।

संस्कृत शब्दानुशासन के अन्तिम रचयिता महापंडित, कलिकालसर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्यजी

(संदीप सृजन -विनायक फीचर्स)

विश्व के इतिहास में संस्कृत के मध्यकालीन रचनाकारों में प्रसिद्ध जैन आचार्य हेमचन्द्राचार्यजी का नाम विशेष महत्व रखता है। वे महापण्डित थे, काव्यशास्त्र के आचार्य थे, योगशास्त्र मर्मज्ञ थे और 'कलिकालसर्वज्ञ' जैसी महान उपाधि से अलंकृत थे। जैनधर्म और दर्शन के तो वे प्रकाण्ड विद्वान् थे ही अपने समय के महान टीकाकार भी थे। वे जहाँ एक तरफ विभिन्न शास्त्रों के पारंगत थे वहीं दूसरी अनेक भाषाओं के मर्मज्ञ भी थे। हेमचन्द्राचार्यजी आज भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ व्याकरणकार एवं अनेक भाषाकोशकार माने जाते है। भारतीय चिंतन, साहित्य और साधना के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हेमचन्द्राचार्यजी ने साहित्य, दर्शन, योग, व्याकरण, काव्यशास्त्र, वाङ्मय के सभी अंगों पर नवीन साहित्य की सृष्टि तथा नये पंथ को आलोकित किया। संस्कृत एवं प्राकृत पर उनका समान अधिकार था।

हेमचन्द्राचार्यजी का जन्म गुजरात में अहमदाबाद से 100 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम स्थित धंधुका नगर में विक्रम संवत 1145 को कार्तिक पूर्णिमा की रात्रि में हुआ था। माता-पिता शिव पार्वती उपासक मोढ वंशीय वैश्य थे। पिता का नाम चाच और माता का नाम पाहिणी देवी था। बालक का नाम चंगदेव रखा। माता पाहिणी और मामा नेमिनाथ दोनों ही जैन धर्म के उपासक थे। चंगदेव जब गर्भ में थे तब माता ने आश्चर्यजनक स्वप्न देखे थे। इस पर जैनाचार्य देवचंद्रसूरी जी ने स्वप्न का विश्लेषण करते कहा कि सुलक्षण सम्पन्न पुत्र होगा जो दीक्षा लेगा और जैन सिद्धान्त का सर्वत्र प्रचार प्रसार करेगा।

बाल्यकाल से चंगदेव दीक्षा के लिये दृढ थे। खम्भात में जैन संघ की अनुमति से उदयन मंत्री के सहयोग से नौ वर्ष की आयु में दीक्षा संस्कार विक्रम सवंत 1154 में माघ शुक्ल चतुर्दशी शनिवार को हुआ और उनका नाम मुनि सोमचंद्र रखा गया। अल्पायु में शास्त्रों में तथा व्यावहारिक ज्ञान में निपुण हो गये। 21 वर्ष की अवस्था में समस्त शास्त्रों का मंथन कर ज्ञान वृद्धि की । नागपुर (महाराष्ट्र) के पास धनज ग्राम के एक वणिक ने विक्रम सवंत 1166 में सूरिपद प्रदान महोत्सव सम्पन्न किया। तब एक आश्चर्यजनक घटना घटी। मुनि सोमचन्द्र एक मिट्टी के ढेर पर बैठे थे। आचार्य देवचन्द्रसूरी जी ने अपने ज्ञान में देखा और कहा कि, सोम जहाँ बैठेगा वहाँ हेम ही होगा और वह मिट्टी का ढेर सोने में बदल चुका था। उस के बाद सोमचन्द्र, आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी के नाम से जाने लगे। आचार्य श्री ने साहित्य और समाज सेवा करना आरम्भ किया और पैदल विहार करते हुए अणहिलपुरपत्तन में पधारे। जिस मार्ग से आचार्य श्री ने प्रवेश किया उसी मार्ग पर सामने से महाराजा सिद्धराज जयसिंह की सवारी आ रही थी। जब सिद्धराज जयसिंह की नजर आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी पर गयी तो वो आचार्य श्री को देखकर विस्मित हो गये और सहजभाव से उनके सामने नत मस्तक हो गये।



उन्होंने आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी को अपने राजभवन में पधारने की विनती की। आचार्य श्री भी शकुन देख कर धर्मप्रभावना जान कर राजसभा में राजा सिद्धराज जयसिंह को प्रतिबोध देने लगे। राजा सिद्धराज जयसिंह के अनुरोध पर योगानुयोग आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी ने कश्मीर जाकर सरस्वती देवी की साधना की और देवी का साक्षात्कार प्राप्त कर देवी से आठ व्याकरण ग्रंथ प्रदान करने का निवेदन किया। देवी कृपा से आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी व्याकरण ग्रंथ लेकर राजा सिद्धराज जयसिंह के दरबार में पहुंचे। जिसका नाम सिद्धहेम शब्दानुशासन दिया। राजा की प्रसन्नता का पार नहीं रहा। राजा ने उस ग्रंथ को हाथी पर रखवाकर नगर में भ्रमण करवाया था। यह महान ग्रंथ आज भी संस्कृत व्याकरण के प्रमुख ग्रंथों में माना जाता है। आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी की जितनी प्रगाढ़ता सिद्धराज जयसिंह से थी उससे भी अधिक घनिष्टता उनके सिंहासन पर बैठने वाले राजा कुमारपाल से रही। कुमारपाल अपने समय के दिग्विजयी महाराजा रहे। अठ्ठारह देशों में उनका शासन था। उनके शासन में मारना, काटना जैसे शब्दों का प्रयोग करना निषेध था। अहिंसा के क्षेत्र में आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी की प्रेरणा से उन्होंने कई कार्य किए जो कि जैन ग्रंथों में विस्तार से पढ़े जा सकते है। महाराजा कुमारपाल ने अपने आत्मकल्याण के लिए आग्रह कर आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी से एक ग्रंथ लिखने का अनुरोध किया तो आचार्य श्री ने योगशास्त्र ग्रंथ की रचना की थी।

आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी द्वारा रचित ग्रंथों मे योगशास्त्र सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रंथ है। इसकी शैली पतंजलि के योगसूत्र के अनुसार ही है किन्तु विषय और वर्णन क्रम में मौलिकता एवं भिन्नता है। योगशास्त्र नीति विषयक उपदेशात्मक काव्य की कोटि में आता है। योगशास्त्र जैन संप्रदाय का धार्मिक एवं दार्शनिक ग्रंथ है। वह अध्यात्मोपनिषद् है। इसके अंतर्गत मदिरा दोष, मांस दोष, नवनीत भक्षण दोष, मधु दोष, उदुम्बर दोष, रात्रि भोजन दोष का वर्णन है। योगशास्त्र आज भी अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ है। आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी ने अपने योगशास्त्र से सभी को गृहस्थ जीवन में आत्मसाधना की प्रेरणा दी। पुरुषार्थ से दूर रहने वाले को पुरुषार्थ की प्रेरणा दी। इनका मूल मंत्र स्वावलंबन है। वीर और दृढ चित पुरुषों के लिये उनका धर्म है। आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी के ग्रंथो ने संस्कृत एवं धार्मिक साहित्य में भक्ति के साथ श्रवण धर्म तथा साधना युक्त आचार धर्म का प्रचार किया। समाज में से निद्रालस्य को भगाकर जागृति उत्पन्न की। सात्विक जीवन से दीर्घायु पाने के उपाय बताये। सदाचार से आदर्श नागरिक निर्माण कर समाज को सुव्यवस्थित करने में आचर्य ने अपूर्व योगदान किया। प्रसिद्ध विद्वान सोमेश्वर भट्ट की 'कीर्ति कौमिदी' में आचार्य हेमचन्द्रसूरी जी के बारे में कहा है कि सदा हृदि वहेम श्री हेमसूरेः सरस्वतीम्।,सुवत्या शब्दरत्नानि ताम्रपर्णा जितायया ॥ आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी ने तर्कशुद्ध, तर्कसिद्ध एवं भक्तियुक्त सरस वाणी के द्वारा ज्ञान चेतना का विकास किया और परमोच्च चोटी पर पहुंचा दिया। पुरानी जड़ता को जड़मूल से उखाड़कर फेंक दिया। आत्मविश्वास का संचार किया। आचार्य के ग्रंथो के कारण जैन धर्म गुजरात में दृढमूल हुआ। भारत में सर्वत्र, विशेषतः मध्य प्रदेश में, जैन धर्म के प्रचार एवं प्रसार में उनके ग्रंथों ने अभूतपूर्व योगदान किया। इस दृष्टि से जैन धर्म के साहित्य में आचार्य हेमचन्द्र के ग्रन्थों का स्थान अमूल्य है। अन्य ग्रंथों में काव्यानुशासन, छन्दानुशासन, सिद्धहेमशब्दानुशासन (प्राकृत और अपभ्रंश का ग्रन्थ), उणादिसूत्रवृत्ति, अनेकार्थ कोश, देशीनाममाला, अभिधानचिन्तामणि, द्वाश्रय महाकाव्य, काव्यानुप्रकाश, त्रिषष्ठिशलाकापुरुषचरित, परिशिष्ट-पर्वन, अलङ्कारचूडामणि, प्रमाणमीमांसा, वीतरागस्तोत्र आदि प्रसिद्ध है।

आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी ने 84 वर्ष की अवस्था में अनशनपूर्वक अन्त्याराधन क्रिया आरम्भ की। विक्रम सवंत 1229 में महापंडितों की तरह समाधि मरण को प्राप्त किया। आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी को पाकर उस समय गुजरात अज्ञानता, धार्मिक रुढियों एवं अंधविश्वासों से मुक्त हो धर्म का महान केन्द्र बन गया था। अनुकूल परिस्थिति में कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी सर्वजनहिताय एवं सर्वापदेशाय पृथ्वी पर अवतरित हुए। 12 वीं शताब्दी में पाटलिपुत्र, कान्यकुब्ज, वल्लभी, उज्जयिनी, काशी इत्यादि समृद्धिशाली नगरों की उदात्त स्वर्णिम परम्परा में गुजरात के अणहिलपुर ने भी गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया।

आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी अद्वितीय विद्वान थे। साहित्य के सम्पूर्ण इतिहास में किसी दूसरे ग्रंथकार की इतनी अधिक और विविध विषयों की रचनाएं उपलब्ध नहीं है। व्याकरण शास्त्र के इतिहास में आचार्य हेमचन्द्रसूरीजी का नाम सुवर्णाक्षरों से लिखा जाता है। संस्कृत शब्दानुशासन के वे अन्तिम रचयिता हैं। इनके साथ उत्तर भारत में संस्कृत के उत्कृष्ट मौलिक ग्रन्थों का रचनाकाल समाप्त हो जाता है।

(विनायक फीचर्स)

विद्यालयी छात्राओं की (19 वर्ष) राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी उदयपुर को ,आयोजन को लेकर प्रथम बैठक हुई

महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरवास के तत्वाधान में जनवरी 2025 में आयोजित होगी

उदयपुर 14 नवम्बर (सूजस)। 68वी 19 वर्षीय आयु वर्ग की विद्यालयी छात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरवास के तत्वाधान में किया जाएगा । जनवरी 2025 में आयोजित होने वाली की प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रथम बैठक आज आयोजक स्कूल में हुई । शिक्षा विभाग के अधीन होने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर की छात्राओं की क्रिकेट टीमें भाग लेगी । विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने बताया लगभग हर राज्य से छात्राएं इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी । प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष तुली ने बताया कि इस राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों के लिए प्रथम बैठक विद्यालय में आज गुरुवार को आयोजित की गई ।

जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डॉ लोकेश भारती ने की। बैठक में आवास, क्रिकेट मैदान, परिवहन ,भोजन, मेडिकल व्यवस्था, भामाशाह से संपर्क, आयोजन की स्मारिका बनाने जेसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। लोकेश भारती ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के अध्यक्ष जिला कलेक्टर उदयपुर रहेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नौनिहाल सिंह,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा, उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद लक्ष्मण लाल सालवी ,कोर कमेटी के सदस्य के रूप में दीपक गौड,रेनू शर्मा ,संजय बडाला तथा चेतन पानेरी थे। बैठक में जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्वा कुंजबिहारी भारद्वाज भी उपस्थित थे । साथ ही राष्ट्रीय क्रिकेट के आयोजन में विभिन्न कमेटियों के लिए दिलीप सिंह शक्तावत, विनोद गदिया,जय प्रकाश भावसार शारीरिक शिक्षक के रूप में तथा विधायक प्रतिनिधि के रूप में डॉक्टर आशुतोष दाधीच,शंकर लाल सालवी, उप प्रधानाचार्य प्रीति राठौड़, चिराग आमेटा, संजय पांड्या,हुक्मीचंद मेनारिया तथा गोपाल लोहार उपस्थित रहे।

श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय महोत्सव

उदयपुर, (निसं) । श्री गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर उदयपुर के शक्तिनगर स्थित वैकुण्ठ धाम में गुरुवार को गुरु ग्रंथ साहिब व जपजी साहिब अखंड पाठ और गुरुबाणी के विभिन्न पवित्र पाठों का आयोजन किया गया, तीन दिवसीय इस आयोजन का प्रारंभ 13 नवंबर को हुआ और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। वैकुंठ धाम के गुरुजी शैलेश ब्रिजवानी ने बताया कि 14 नवंबर, गुरुवार को उत्सव के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस दिन सुबह 7:00 बजे आसादीवार पाठ, 7:30 बजे कथा कार्तिक का आयोजन हुआ। आरती और अरदास के उपरांत शाम को महिलाओं का सत्संग 5:00 से 6:30 बजे तक हुआ और 7:00 बजे शाम की आरती हुई, 15 नवंबर, शुक्रवार को उत्सव के तीसरे दिन का समापन होगा। सुबह 7:00 बजे आसादीवार पाठ, 7:45 बजे कथा कार्तिक और 11:00 बजे पूर्ण आहुति के साथ आरती और अरदास संपन्न होगी। इसके उपरांत लंगर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करेगें।

गुरुजी शैलेश ब्रिजवानी ने बताया कि इस महोत्सव में भाग लेने के लिए सभी श्रद्धालुओं ने गहरी आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। सभी को गुरुबाणी के उपदेशों का अमृतपान करने का अवसर मिला, जिससे मन की शांति और आत्मिक शुद्धि की अनुभूति हुई।

शासन सचिवालय की वरिष्ठ लेखाधिकारी ने स्काउट-गाइड गतिविधियों का किया अवलोकन

उदयपुर, 14 नवंबर (सूजस)। हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य संगठन के उदयपुर स्थित राज्य मुख्यालय पर शासन सचिवालय से शिक्षा विभाग की वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रीमती भावना संतानी एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार बड़ाला ने कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्रीमती भावना संतानी, राज्य मुख्यालय आयुक्त के मानद पद पर भी आसीन है। इनके साथ लेखाधिकारी श्रीमती खुशबु एवं कार्यक्रम अधिकारी समस्त शिक्षा, श्रीमती रशमी मेहता भी उपस्थित रही।

संगठन के सभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसम्पर्क) गौरीकांत शर्मा ने बताया कि मुख्यालय विज़िट पश्चात् ''प्रकृति साधना केन्द्र, भीलों का बेदला में कब मास्टर/फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर श्रीमती भावना संतानी ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण में दिए जा रहे इस प्रशिक्षण का भविष्य में बहुत महत्व है, इस दौड़-भाग भरी ज़िन्दगी में जीवन शैली में सुखद व सरल बनाने में ऐसे आयोजनों का होना जरूरी है। शिक्षा अधिकारी बड़ाला ने शिविर की तारीफ करते हुए प्रशिक्षक दल को बधाई दी। इस अवसर पर संगठन के राज्य सचिव नरेन्द्र औदिच्य, राज्य संगठन आयुक्त (स्का.), रिपुदमन सिंह गिल, राज्य संगठन आयुक्त (गा.) श्रीमती कविता जैन, सहायक सचिव (समन्वयक), विजय दाधीच उपस्थित रहें। संचालन प्रदीप मेघवाल ने किया।

शिक्षा संकाय में यूनिटी फॉर रन एवं टीएल एम प्रदर्शनी का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा संकाय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा टीएल एम प्रदर्शनी एवं यूनिटी फॉर रन का आयोजन किया गया। *कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर* डॉ. ब्रज बाला शर्मा, प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, डायट उदयपुर, डॉ .दीपाली नागरकोटी सीनियर लेक्चरर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुझरा, डॉ शोभा राणावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ी ,डॉ. दिग्विजय भटनागर, अध्यक्ष, शिक्षा संकाय, डॉ. अल्पना सिंह शिक्षा संकाय प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया ।तत्पश्चात

क्रश्वस्र प्रथम वर्ष एवं एकीकृत पाठ्यक्रम द्वितीय वर्ष द्वारा अनिवार्य प्रायोगिक क्रम में टीएल एम का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षण शास्त्र के विभिन्न प्रकरणों पर मॉडल ,प्रतिकृति, चार्ट आदि का निर्माण किया । इस शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग विद्यार्थी अपने पाठ योजना प्रस्तुतीकरण में करते हैं ,जिससे विषय को समझने में विद्यार्थियों को आसानी होती है और इसी क्रम में विभाग के एकीकृत पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष ,तृतीय वर्ष एवं बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणर्थियों द्वारा माननीय कुलपति महोदय द्वारा शपथ कार्यक्रम का आयोजन करने के बाद महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थी एवं प्राध्यापक ने यूनिटी फॉर रन हेतु हरी झंडी दिखाकर दौड़ मेंअपनी सहभागिता निभाई । दौड़ के पूर्व कुलपति महोदय के द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भारत को उन्नति के पद पर ले जाने और उसे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु आगे बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुनमुन शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

जिला प्रशासन का नवाचार: तनाव मुक्त प्रशासन पर कार्यशाला: समस्या की नहीं, समाधान पर चिंतन हो

उदयपुर, 14 नवम्बर (सूजस)। अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव मुक्त रखते हुए उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने नवाचार किया। इसके तहत जिला प्रशासन और प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उदयपुर केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में तनाव मुक्त प्रशासन विषय पर कार्यशाला गुरुवार को जिला परिषद सभागार में हुई।

कार्यशाला में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय जयपुर जोन प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी पुनम दीदी ने तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा परम प्रशासक है, जो विश्व का संचालन करता है। इसी प्रकार अधिकारी भी प्रशासन व्यवस्था संभालते हैं। ईश्वर ने लोगों की सेवा करने और उनके दु:खों का समाधान करने का अवसर प्रदान किया है। समस्या सर्वत्र होती हैं, लेकिन समस्याओं की चिन्ता के बजाए समाधान पर चिन्तन होना चाहिए। अपने मनोबल को बढ़ाएं तो समस्याएं खेल लगने लगती हैं। उन्होंने ध्यान के माध्यम से अपनी आत्म शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया। पूनम दीदी ने स्ट्रेस शब्द के प्रत्येक अक्षर की व्याख्या करते हुए तनाव प्रबंधन के गूर सिखाए। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का अवसर मिला है, उसका सदुपयोग करते हुए पुण्य अर्जित करें। लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने से दुआएं और शुभकामनाएं मिलती हैं। इससे जीवन में स्वतः निखार जाता है। उन्होंने श्रीमद् भगवतगीता का उदाहरण देते हुए कहा कि निष्काम कर्म को ही श्रेष्ठ माना गया है। अच्छे कर्म ही आत्मा की संपत्ति हैं क्योंकि शरीर त्याग के बाद वही साथ आते हैं।

ध्यान ईश्वर से जुड़ने का माध्यम

कार्यशाला में ब्रह्मकुमारीज उदयपुर सेंटर प्रभारी ब्रह्मकुमारी रीटा दीदी ने ध्यान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ध्यान आत्मा के परमात्मा से जुड़ने का माध्यम है। ध्यान से मन की शांति मिलती है और शांति ही सभी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है, निर्णय शक्ति बढाने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का सकारात्मक पहलू भी होता है। आवश्यकता सिर्फ उस पहलू को समझने की है। अंत में रीटा दीदी ने सभी संभागियों को ध्यान का अभ्यास कराया।

कार्यशाला में पूनम दीदी ने जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल को स्मृति चिन्ह तथा प्रसाद भेंट किया। कार्यशाला में शामिल सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज केंद्र राजसमंद की पूनम दीदी, गोगुन्दा केंद्र की रश्मि दीदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दु:ख और चुनौतियों में फर्क को समझाना चाहिए : जिला कलक्टरत्न

कार्यशाला में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने कहा कि प्रशासन में तनाव प्रबंधन का बड़ा महत्व है। स्वयं तनाव में रहेंगे तो उसका प्रभाव कार्य पर आएगा। अग्नि की लपटें तब तक ही ऊंची उठती है, जब तक उसे ईंधन मिलता रहता है। इसलिए स्वभाव से शांत और सौम्य रहना जरूरी है, जिससे किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत रूप से तनाव हावी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कई लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान रहते हैं, जैसे उनसे बड़ा दु:ख किसी को नहीं है, लेकिन दु:ख और चुनौतियों में फर्क को समझना होगा। दु:ख वह है जिसका समाधान आपके हाथ में नहीं है, बाकी सब कुछ चुनौतियां हैं, जिनका समाधान स्वयं किया जा सकता है। उन्होंने कार्यशाला को बहुपयोगी बताते हुए भविष्य में भी कार्मिकों की क्षमता वर्द्धन के लिए ऐसे आयोजन किए जाने की बात कही।

आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास परिवर्तन व निष्ठापन आज

- आत्मिक दोषों के शमन के लिए क्रोध-लोभ-कपट व घमण्ड का त्याग जरूरी : आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

उदयपुर 14 नवम्बर (नसं)। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चल रहे चातुर्मास का परिवर्तन व निष्ठापन 15 नवम्बर शुक्रवार को होगा। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 7 बजे शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित आदेश्वर मंदिर से आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास परिवर्तन कराया जाएगा जो आर्ची अपार्टमेन्ट स्थित मुनि सुव्रतनाथ स्वामी मंदिर न्यू भूपाल पुरा में राजेश्वरी देवी- श्यामलाल हरकावत के निवास पर गाजे-बाजे की मधूर स्वर लहरियों के साथ कराया जाएगा। जहां पर व्याख्यान एवं शत्रुंजय भावयात्रा का आयोजन होगा। उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं की नवकारसती का आयोजन रखा गया।

गुरुवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने कहां कि सांसारिक और भौतिक नुकसान बताकर भी क्रोध-लोभ आदि काषयिक भावों को छोडने का उपदेश दे सकते है और चौरासी के चक्कर नहीं काटना है ऐस आत्मिक उद्देश्य से भी क्रोध-लोभ को छोड़ने का उपदेश दे सकते है। आत्मिक दोषों के शमन के लिए क्रोध-लोभ-कपट व घमण्ड का त्याग जरूरी है। चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्ठू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

डीपीएस के युवा वैज्ञानिकों का विज्ञान राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चयन

उदयपुर, (निसं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जयपुर के भारतीय विद्या भवन, विद्या आश्रम में दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर से आए हुए 70 विभिन्न विद्यालयों के लगभग 110 प्रतिभागियों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के दो युवा वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम फहराकर दिसम्बर माह में दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी हेतु अपना नामांकन सुनिश्चित कर दिया है। विद्यालय में विज्ञान की वरिष्ठ अध्यापिका श्वेता सोनी ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कक्षा आठ के अनय वैश और धैर्यश पुरोहित ने वेस्ट मेनेजमेंट थीम के अंतर्गत झीलों की सफाई हेतु निर्मित रोबोट के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल के सदस्यों का दिल जीत लिया। प्राचार्य श्री संजय नरवारिया ने बताया कि कुल 70 टीमों में से मात्र 14 टीमों को विजेता घोषित कर राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शनी हेतु चयन किया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की टीम प्रथम स्थान पर विजेता रही। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है। प्राचार्य श्री संजय नरवारिया ने प्रशिक्षिका श्रीमती श्वेता सोनी, विजेता टीम के छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई प्रेषित की। उपप्राचार्य श्री राजेश धाभाई ने भी विजेताओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

बाल दिवस - संस्कृति मेला 2024 का हुआ आगाज

पारम्परिक खान-पान की ओर पुनः लौटने की ज़रूरत - प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर 14 नवम्बर (कासं)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर जर्नादन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय प्रांगण में संस्कृति मेले 2024 का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षणार्थी छात्राध्यापकों को भावी व्यवसायिक जीवन में आने वाले दायित्वों के निर्वहन और भारतीय परंपराओं से रूबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सरदार पटेल विवि गुजरात के प्रो. संदीप भट्ट, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मेले में महाविद्यालय के बीएड, बीएड बाल विकास, बीए.बीएड/बी.एससी.बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने अलग-अलग प्रकार के राजस्थानी व्यंजन दाल-बाटी, राब, दक्षिण भारतीय इडली साभंर, अप्पे और मोमोज जैसे चायनीज व्यंजनों के साथ-साथ मेले का आनंद देने वाले जायके चाट- पकौड़ी ,चाय शिकंजी के 27 स्टॉल लगाए। इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने वर्तमान समय में बदली जीवनचर्या में पारंपरिक भोजन के स्वास्थ्य लाभ को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें पुनः अपने प्राचीन खानपान की ओर लौटना होगा। इस मौके पर डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनीता मुर्डिया सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने मेले का आनंद उठाया।

स्कूली बच्चों को दी बाल अधिकारों की जानकारी

उदयपुर, 14 नवंबर (सूजस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल दिवस पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एकलिंगगढ़ छावनी में मनाया गया।

प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। बच्चों को गुड टच बेड टच, बाल विवाह रोको अभियान, संविधान के अनुच्छेद 39क के तहत निःशुल्क विधिक सहायता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान, नालसा हेल्पलाइन 15100, पॉक्सो कानून, साइबर कानून, यातायात नियम आदि के बारे जागरुक किया गया । सुश्री प्रेरणा अवचार एवं श्री जितेंद्र सेन असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा भी स्कूली बालक-बालिकाओं को जागरुक किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल अरुण कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक सम्मानों में विद्यार्थी वर्ग की प्रविष्टियां आमंत्रित

आगामी 2 मार्च 2025 को होगा समारोह, 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन स्वीकार

41st MMFAA 2025

उदयपुर, 14 नवम्बर (कासं)। महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर द्वारा प्रदान किये जाने वाले महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन का 41वाँ वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह 2025 इस वर्ष विद्यार्थी वर्ग के लिए आगामी 2 मार्च को आयोज्य होगा। महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने आज बताया कि वार्षिक सम्मानों के तहत भामाशाह सम्मान, महाराणा राजसिंह सम्मान एवं महाराणा फतह सिंह सम्मान हेतु 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाएगे। सम्मान आगामी 2 मार्च 2025, रविवार को होने वाले 41वें महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक अलंकरण समारोह में फाउण्डेशन के न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा प्रदान किये जाऐंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के 41वें वार्षिक अलंकरण समारोह के सम्मानों के लिए विद्यार्थी https://www.eternalmewar.in/uploads/award/mmfaa_student_form.pdf से आवेदन डाउनलोड कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र सिटी पैलेस की बड़ी पोल एवं शीतला माता गेट से प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं। संयोजक गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी वर्ग के सम्मानों में बेचलर डिग्री एवं बेचलर लेवल के डिप्लोमा आदि के लिये भामाशाह सम्मान प्रदान किया जाएगा। भामाशाह वीर प्रकृति के पुरुष थे और उन्होंने प्रसिद्ध हल्दीघाटी में मुगल सेना के विरुद्ध युद्ध किया। वे सच्चे स्वामिभक्त, वीर, राज्य प्रबंधक और विश्वासपात्र सेवक थे। उनके नाम से भामाशाह सम्मान के लिये राजस्थान स्थित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तथा राजस्थान के वे मूल निवासी विद्यार्थी जो राजस्थान से बाहर किसी अन्य विश्वविद्यालय से उक्त बेचलर डिग्री या डिप्लोमा वर्ष 2023-24 में पूर्ण किये है, वे भी आवेदन कर सकते हैं।

इसी तरह उदयपुर स्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के वे विद्यार्थी जो खेलकूद एवं शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियों में इस वर्ष श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है वे महाराणा राजसिंह सम्मान के लिए आवेदन कर सकते हैं। महाराणा राजसिंह प्रथम मेवाड़ के 58वें एकलिंग दीवान थे। उनका शासनकाल स्वाभिमान और स्वतंत्रता प्रेम के लिए विख्यात रहा। महाराणा राजसिंह ने मुगल बादशाह औरंगजेब के फरमानों के विरुद्ध जाकर श्रीनाथजी, द्वारिकाधीश जी एवं गुसाँई जी परिवार को मेवाड़ में आश्रय देकर राजधर्म निष्ठा का परिचय दिया। इसी तरह महाराणा फतह सिंह सम्मान के लिये उदयपुर स्थित विद्यालयों के वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने वर्ष 2023-24 में 10वीं एवं 12वीं उच्च अंकों से उत्तीर्ण की है साथ ही इन्हीं परीक्षाओं में उत्तीर्ण वे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने खेलकूद एवं शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियों में वर्ष 2023-24 में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो।

महाराणा फतह सिंह असाधारण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी थे। कुल गौरव, देशाभिमान, स्वातंर्त्य-प्रेम एवं आत्म सम्मान उन्हें अपने प्राणों से भी प्रिय था। उन्होंने अपने शासन काल के दौरान साधु-संतों के आदर-सत्कार में सहस्त्रों रुपये दान किये। उन्होंने भारतभर में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस तथा मेयो कॉलेज के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का दान दिया और इतने ही रुपये भारत-धर्म-महा-मंडल काशी को दिये। महाराणा कर्तव्यबुद्धि, परोपकार वृत्ति एवं कुलाभिमान के कारण बड़े लोकप्रिय हुए।

बाल दिवस पर नन्हे-नन्हे बालकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोहा

उदयपुर, 14 नवम्बर (निसं)। गारियावास स्थित महावीर अकादमी सी. सै. स्कूल में 14 नवम्बर 2024 को 131वीं नेहरू जयन्ती के उपलक्ष्य में बड़े उत्साह के साथ बाल दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थी उत्साह के साथ प्रतिभागी बने। पण्ड़ित जवाहर लाल नेहरू जयन्ती, कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर एवं नेहरू जी को पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ विभिन्न वेशभूषा में अपना किरदार निभाया। जिसमें यशोदा संग कन्हैया, राम संग कौशल्या, शिवाजी संग जीजा बाई तथा लक्ष्मी बाई संग दामोदर आदि पात्रो ने सम्मोहित प्रस्तुति दी। बच्चों ने सन्देश परक नृत्य, गीत एवं पर्यावरणीय स्तर की आदर्श एवं गरिमामयी विचित्र वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। बच्चों की विचित्र वेशभूषा और नृत्य करते हुए देख पूरा विद्यालय बगिया और बच्चे बगिया के आकर्षक फूल प्रतित हो रहे थे। अध्यक्ष पद पर विराजित संस्था प्रबन्धक महोदय राजकुमार फत्तावत एवं संस्था के निदेशक प्रणय फत्तावत के निर्देशन में प्रधानाचार्य अरूण जी त्रिवेदी एवं प्रशासिका सपना गौड ने बच्चों को सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रेरणादायी सन्देश प्रेषित किया। संस्था के संस्थापक राजकुमार फत्तावत ने अपने सम्बोधन में बच्चों को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होनें शिक्षकों की उनके जीवन्त प्रदर्शन की भी सराहना की। खुशी और मोज मस्ती भरे माहौल में अध्यापिकाएँ रजनी गौड़ और सुनिता आमेटा एवं निधि माथुर ने क्रमबद्ध रूप से बड़ी खुबसूरती से कार्यक्रम का संचालन किया। प्रतिभा की प्रांजल प्रस्तुति को पुरूस्कार हेतु चयन करने के लिए निर्णायक की भूमिका अध्यापिकाएँ अनिता जोशी एवं कलावती ने भी बखुबी निभाया। इस अवसर पर कक्षा यूकेजी से सोनाक्षी (सुनिता राजपुत) एलकेजी से धुरंजय सिंह सोलंकी (चेतना सोलंकी) नर्सरी से महीपाल सिंह (युद्धिका राठौड़) को प्रथम पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

शिक्षाविदों का महाकुंभ 'विविभा' आज से गुरुग्राम में

डॉ. मोहन भागवत, इसरो अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ और नोबल विजेता कैलाश सत्यार्थी करेंगे उद्घाटन

उदयपुर से भी शिक्षाविद् व प्रबुद्धजन निभाएंगे भागीदारी, टीम विश्व संवाद केन्द्र देगी विशेष योगदान



उदयपुर, 14 नवंबर। भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम द्वारा संपूर्ण भारत के शिक्षाविदों के महाकुंभ राष्ट्रीय सम्मेलन 'विविभा' (विजन फार विकसित भारत) का शुभारंभ शुक्रवार से एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 17 नवंबर 2024 तक आयोजित होगा। इस आयोजन में उदयपुर विश्व संवाद केन्द्र की टीम के साथ-साथ संभाग से बड़ी संख्या में शिक्षाविदों व प्रबुद्धजनों द्वारा भागीदारी निभाई जाएगी।

विश्व संवाद केंद्र उदयपुर की साधारण सभा समिति के सदस्य, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय में आचार्य व प्रचार प्रभारी प्रो. एस के अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ एवं नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी करेंगे। उद्घाटन सत्र के प्रमुख वक्ता प्रसिद्ध भागवताचार्य संजीव कृष्ण ठाकुर (वृंदावन), गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज, प्रसिद्ध विचारक, लेखक एवं शिक्षाविद डॉ मनमोहन वैद्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, भारतीय नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. सतीश रेड्डी होंगे।

1200 शोध आलेख की होंगी प्रस्तुतियां, कई विषयों पर होगी चर्चा :

प्रो. अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन हेतु प्राप्त 1 लाख 68 हजार शोध आलेख प्रविष्टियों में से सर्वोत्तम 1200 आलेखों के लेखकों का चयन कर उन्हें सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण एवं सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार सम्मेलन में विकसित भारत से जुड़े विधि एवं न्याय, सामाजिक सुरक्षा, कला, साहित्य एवं संस्कृति, भारतीय ज्ञान पद्धति, महिला सशक्तिकरण दृष्टि, ज्ञान विज्ञान एवं तकनीक, ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार, वाणिज्य अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, भारतीय शिक्षा- भूत वर्तमान एवं भविष्य, भारतीय इतिहास एवं उज्जवल भारत भविष्य दृष्टि, समृद्ध भारत एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर गहन मंथन होगा।

भव्य प्रदर्शनी का रहेगा आकर्षण :प्रदर्शनी में भारतीय सनातन मूल्यों का आत्म भारत निर्माण में योगदान, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय सनातन संस्कृति के तत्व, अखण्ड भारत, भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर, भारतीय इतिहास, वांग्मय, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, कला, विधि, न्याय, साहित्य,भारतीय शिक्षण-प्रशिक्षण पद्धति, भारतीय वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र सामाजिक सुरक्षा, प्राचीन भारत में महिला सशक्तिकरण दृष्टि, जैसे महत्वपूर्ण विषय सम्मिलित होंगे।

समापन सत्र में योगगुरु स्वामी रामदेव सहित कई वक्ताओं के उद्बोधन :-समापन सत्र में कुलाधिपति पतंजलि पीठ स्वामी रामदेव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री शंकरानंद बी. आर. एवं भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद जोशी का उद्बोधन होगा।

सम्मेलन में अन्य प्रमुख वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति मुंबई विश्वविद्यालय प्रो. सुहास पेडणेकर, भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ भारत शरण सिंह, भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम के राष्ट्रीय प्रभारी श्री अमित रावत, भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम के राष्ट्रीय सह प्रभारी शिव सिंह बघेल एवं डॉ जसपाल कौर, पूर्व मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय न्यायमूर्ति शरद बोबडे, पूर्व मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय एवं राज्यसभा सदस्य न्यायमूर्ति रंजन गोगोई, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो टी. जी. सीताराम, राष्ट्रीय तकनीकी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल सहस्त्रबुद्धे, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सचिव प्रो मनीष जोशी, ब्रह्मोस के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा संजीव कुमार जोशी, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो.रघुवेंद्र तंवर, डिक्की के अध्यक्ष पद्मश्री मिलिंद कामले, भारतीय अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक पद्मश्री चंद्र प्रकाश द्विवेदी, जेएनयू दिल्ली की कुलपति प्रो. शांति श्री पंडित, भारतीय प्रबंध मंडल अध्ययन संस्थान, बोधगया की निदेशक डॉ विनीता एस सहाय होंगे।

उदयपुर से पहुंचेंगे कई शिक्षाविद :भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन विविभा के संयोजन व प्रचार प्रसार का दायित्व विश्व संवाद केंद्र उदयपुर की साधारण सभा समिति के सदस्य प्रो.सुरेश कुमार अग्रवाल को दिया गया है। विश्व संवाद केन्द्र से जुड़े प्रबुद्धजनों के साथ ही उदयपुर संभाग से बड़ी संख्या में शिक्षाविदों द्वारा इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी निभाई जाएगी।

लायंस क्लब डिवाइन में ज़ोन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न

उदयपुर, (विप्र)। लायंस क्लब उदयपुर डिवाइन की ओर से बाल दिवस के अवसर पर लायंस क्लब्स इन्टरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट- 3233-श्व2 के ज़ोन चेयरपर्सन- एम.जे.एफ. लायन जी.के.सोमानी जी की आधिकारिक यात्रा, ज्ञान चेतना पब्लिक स्कूल, देबारी में सम्पन्न करायी गयी I I लायन सोमानी जी ने बताया कि शिक्षक समाज व देश निर्माण की धुरी ही नही है बल्कि बालक-बालिकाओ में अच्छे सन्सकार उत्पन्न करने का प्रमुख आधार है,अतः सर्वप्रथम वंदनीय हैं। लायन डा.पी.सी.कोगटा व डा.सुनीता सिंह ने बच्चो को खेल खेल में अच्छी शिक्षा देने पर जोर दिया।

इस अवसर पर लायंस डिस्ट्रिक्ट व डिवाइन क्लब की ओर से स्कूल के बच्चो को 60 नोटबुक, पेन्सिल, रबर आदि स्टेशनरी का वितरण किया गया द्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज़ोन चेयरपर्सन- एम.जे.एफ.लायन जी.के.सोमानी थे। अतिथियों का स्वागत लायन डा.पी.सी. कोगटा ने किया व धन्यवाद ज्ञापन लायन हरीश सिन्ह ने किया। समारोह का संचालन लायन डा.सुनीता सिंह ने किया।

कार्यकम में क्लब अध्यक्ष- लायन डा. वीणा दिवेदी, सचिव- लायन हरीश सिन्ह, कोषाध्यक्ष- लायन डा.पी.सी.कोगटा, भगवती कोगटा, चंचल मांडावत, डा. कुसुम कोठारी, डा. निवेदिता पट्टनायक, शानू भाटिया, डा.गुनबाला आमेटा, डा.प्रेरणा भाटी आदि क्लब के सभी सदस्य व प्राचार्य ममता वर्मा उपस्थित थे ।

देश के भविष्य को शिक्षा के अवसरों से दिशा दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा हिन्दुस्तान ज़िंक

जिम्मेदार कार्पोरेट के रूप में कंपनी की परियोजनाओं से 2 लाख से अधिक होनहार लाभान्वित

उदयपुर, (कासं)। विश्व की प्रमुख ज़िंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक देश के भविष्य बनने वाले बच्चों को शिक्षा से दिशा दिखाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिंदुस्तान जिंक, एकजिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में प्रदेश के 2 लाख से अधिक बच्चों को अपनी संचालित विभिन्न शिक्षा परियोजनाओं से उन्हें दिशा दिखाते हुए उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है। आज केबच्चे ही कल के भारत का भविष्य है एवं सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य मिल सके इस उद्धेश्य को पूरा करने के लिये प्रदेश के 7 जिलों के स्कूली छा़त्र छात्राओं को सर्वोत्तम शिक्षा, पोषणऔर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने हेतु प्रयास किये जा रह है जिससे वें मजबूत राष्ट्र और बेहतर कल का निर्माण कर सकें।

बालविकास परियोजना और नंद घर ने बदल दी आंगनवाडी की परिभाषाः हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिये बाल विकास परियोजना का संचालन कर रहा है जिसके तहत् प्रदेश के पांच जिलों उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद और चित्तौडगढ़, में 14 आगंनवाडी केंद्रों में आईसीडीएस विभाग के साथ मिलकर बच्चों के सर्वागींण विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत आंगनवाडी केन्द्रों पर समेकित बाल विकास योजना द्वारा प्रदत्तसभी 6 मुख्य सेवाओं को मजबूत करना है, जिसमे पोषक तत्वो से पूर्ण पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाना, शाला पूर्व शिक्षा का सुचारू क्रियान्वयन, रेफरल सुविधाओं और बच्चों के स्वास्थ्य औरस्वच्छता को बेहतर बनाते हुए समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना और बुनियादी निर्माण में सहयोग करना है।

हिंदुस्तान जिंक ने प्रदेश के 15 जिलों में 3292 आंगनवाडी केन्द्रों को क्रमोन्नत करते हुए उन्हें डिजिटल लर्निंग केंद्र के रूप में बदल दिया। इन्हें नन्दघर नाम दिया गया. एक आदर्श नन्दघर में बच्चों केलिए ढेर सारे खिलौने, ई-लर्निंग के लिए स्मार्ट टीवी, साफ पेयजल के लिए आर ओ, बाल अनुरूप शौचालय, बाल सुलभ चित्रकारी, बिजली सहित सुरक्षित माहौल दिया गया। बच्चों और समुदायका केंद्र से लगाव बढ़ाया और परिजनों ने निजी स्कूलों से बच्चों को वापस केंद्र भेजना शुरू किया। आज नन्दघर बच्चों के प्री स्कूल बनकर उभरे हैं।

शैक्षिक और खेलों के विकास पर बलः कंपनी के शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। वर्तमान में 72 राजकीय विद्यालयों में 8 हजार से अधिक विद्यार्थी इससेलाभान्तिव हो रहे है इससे कार्यक्रम से विद्यालयों के बोर्ड परिणाम में भी सुधार हुआ हैं। शिक्षा संबल परियोजना में विगत 7 वर्षो में 55 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए है। उंची उड़ानकार्यकम में शिक्षा संबल की नींव पर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राष्ट्रीय ख्यातिनाम इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करन की कोचिंग दी जाती है । अब तक, 300 सेअधिक छात्र इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, जो कि जेईई परीक्षा में शामिल हुए है। अब तक 6 बैच के विद्यार्थियों को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश की सफलता हांसिल हुई है एवं वर्तमान में 3 बैच संचालित है। हिंदुस्तान जिंक का मानना है कि बच्चों के समावेशी विकास के लिए उनके विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।



उदयपुर। पिछोला के हनुमान घाट से अद्भुद चन्द्रदर्शन

फोटो- राजेन्द्र हिलोरिया

गोपालन एवं पशुपालन मंत्री ने उदयपुर सरस डेयरी का किया अवलोकन

उदयपुर, 14 नंवबर (सूजस)। प्रदेश के पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को उदयपुर सरस डेयरी का अवलोकन किया।

मंत्री श्री कुमावत ने यहां दुग्ध की प्रोसेसिंग, गुण नियंत्रण, दुग्ध उत्पाद निर्माण अनुभाग का अवलोकन कर उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा उत्पादित घी, छाछ, लस्सी, पनीर, श्रीखंड, फ्लेवर्ड मिल्क, कुल्फी, मावा एवं पेड़ा निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। **स्व. श्री मेवाड़ को दी श्रृद्धांजलिः** इससे पूर्व मंत्री श्री कुमावत ने पूर्व राजपरिवार के स्व. श्री महेन्द्र सिंह मेवाड़ के निधन पर समोर बाग पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी एवं प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने भी अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये दिवंगत श्री मेवाड़ को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी।

उदयपुर। गणगौर घाट पर आर्टिफिशियल ज्वेलरी खरीदती महिला पर्यटक। - फोटो- राजेन्द्र हिलोरिया

स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक
जागृति फिवरिन काढा
स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
JAGRITI FEVRIN KADA
Jyoti Stores
(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)
ज्योति स्टोर्स
Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)
अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)
Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेश व्यास द्वारा जय राजस्थान दैनिक कार्यालय : 126, एबीसी हिरण मगरी सेक्टर-11, चन्द्रदुर्ग उपवन, शाहीबाग के पीछे, उदयपुर 313002 से प्रकाशित नोवा प्रिंटर्स, 5 बागर गली, हाथीपोल से मुद्रित, आरएनआई नम्बर : 23554/72, डाक पंजीयन : RJ/UD/29-45/2024-2026 फोन टेलिफेक्स : (0294) 2487066, 9928090996 (मो. 9829044996 सम्पादक शैलेश व्यास)। e mail I.D. : jai.rajasthan@hotmail.com, jai.rajasthan72gmail.com